**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने किया 80 क्विंटल अवैध कोयला जप्त



**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 27 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई कि रामपुर के जंगल में बड़ी मात्रा में अवैध कोयला संग्रहण किया गया है। सूचना पर अमलाई पुलिस एवं राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए जंगल में सर्चिंग के दौरान 80 क्विंटल कोयला कीमती 1,20,000 रूपये का जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जे.पी. शर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शिवहरे सिंह, आरक्षक कृष्णानन्द यादव, कोमल प्रसाद, आत्माराम एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जप्त

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्रांतर्गत 26 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर पपौंध तरफ जाने वाला है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा हीरापुर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोककर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ किया गया। चालक ने अपना नाम राजेश मिश्रा पिता गुलाब दास मिश्रा उम्र 48 वर्ष निवासी रेउसा का होना बताया। चालक से रेत संबंधी दस्तावेज मांगने पर उसने कोइ वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पपौध पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर उक्त अज्ञात आरोपी चालक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पपौंध के नेतृत्व में श्याम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत 26 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम निमार में दबिश देकर आरोपिया सुमेर सिंह गोड की पत्नी उम्र 35 साल निवासी रिमार के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने पथरापानी में दबिश देकर आरोपी सुरेश पनिका पिता नेबलदास पनिका निवासी पथरपानी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शहडोल।** नगर के माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल प्राचार्य अभय कुमार बियानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मंच संचालन वैष्णवी अग्निहोत्री एवं शांभवी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। नन्हे-मुन्ने नर्सरी-केजी के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सीनियर छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य से सबका ध्यान आकर्षण कियाख्‌ वहीं संविधान ने हमें क्या -या अधिकार दिए हैं उसे छात्रों ने नाटक के रूप में प्रस्तुत कर जानकारी दी। साल भर विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतिस्पर्धाओं में विजेता छात्रों को प्राचार्य द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। अंत में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### विश्वविद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शहडोल।** पंडित एस एन शुक्ला विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस का समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सुबह 08 बजे नवलपुर कैम्पस में एवं 09 बजे परिसर में ध्वजारोहण कुलपति प्रो. रामशंकर द्वारा किया गया।

# ध्वजारोहण व परेड की सलामी के साथ मनाया गणतंत्र पर्व

## स्कूली बच्चों ने दी शानदार सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां









शहडोल।

देश का 75 वां गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास व देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी स्कूलों व संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह संभागीय मुख्यालय के महात्मा गॉधी स्टेडियम में आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के साथ किया तथा गगन में रंग-बिरंगे गुब्बारे मुक्त किये। गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस बल की टुकड़ियों ने हर्ष फायर किया एवं राष्ट्रगान की धुन के साथ तिरंगें झण्डे को सलामी देने के लिये आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया।

### परेड की सलामी ली

मार्च पास्ट परेड कमॉडर सूबेदार श्रीमती राजमति परस्ते, परेड सूबेदार अभिनव राय के नेतृत्व में किया गया। मार्च पास्ट में 29 वीं वाहिनी बी कम्पनी विसबल कैम्प शहडोल उप निरीक्षक सत्यप्रकाश तिग्गा, जिला बल शहडोल 1,2,3, होमगार्ड वन विभाग दक्षिण वनमण्डल, एनसीसी सीनियर, एनसीसी जूनियर, स्काउड गाइड बालिका एवं बालक, रेडक्रॉस बालक एवं बालिका एवं शौर्य दल की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। कलेक्टर एवं समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना वैद्य ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

### राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बने

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत इक्कीसवीं सदी के ऐसे रोमांचक दौर से गुजर रहा है, जब सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए हैं। विकसित भारत-संकल्प यात्रा वर्ष-2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने की श्री मोदी की गारण्टी का प्रतीक बनकर उभरी है। यह यात्रा मोदी के मन और प्रदेश के जन.जन के बीच जीवंत संवाद का माध्यम बनी है। श्री मोदी की गारण्टी वाली गाड़ी गाँव-गाँव, नगर-नगर पहुँची और उन वंचितों की जिन्दगी बदलने का माध्यम बनी, जो अब तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए थे। 26 जनवरी को इस यात्रा का समापन हुआ और मुझे यह कहते हुए खुशी है कि यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश में 50 लाख से भी अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है।

### 161 बंदियो की रिहाई

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य सरकार 161 बंदियों को जेल से रिहा करने जा रही है। आज का दिन इन सभी कैदियों और उनके परिवारजनों के जीवन में खुशियों और आशाओं से भरी एक नई जिन्दगी की सुबह लेकर आया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केन्द्रित मकर संक्रांति उत्सव मध्यप्रदेश में उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाडली बहनों के खातों में एक हजार 576 करोड रुपए से अधिक की राशि और 56 लाख से अधिक हितग्राहियों के खातों में 341 करोड रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि अंतरित की गई।

### रामराज्य की कल्पना जीवंत हुई

यह एक अद्भुत संयोग है कि राष्ट्र.पर्व के ठीक पहले राष्ट्र.गर्व के एक महान प्रसंग ने अयोध्या में स्वर्णिम अध्याय रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में नव.निर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की भव्यातिभव्य प्राण प्रतिष्ठा से भारत में राम राज्य की संकल्पना जीवंत और जयवंत हो गई। रोम.रोम में बसने वाले श्रीराम के स्वागत में घर-घर में दीवाली मनाई गई और मंदिर.मंदिर दीप जलाए गए, भजन-कीर्तन किए गए। काल के केन्द्र भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन से 5 लाख लड्डू प्रसाद के रूप में मध्यप्रदेश की मिठास अयोध्या भेजी गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का पर्व पूरे प्रदेश में अध्यात्म और आस्था के उत्सव के रूप में मनाया गया।

### तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ी है

कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने कहा कि प्रदेश के 35 लाख से अधिक तेन्दूपत्ता श्रमिकों को लाभ देते हुए सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 3 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दी है। प्रदेश के 5 करोड़ 30 लाख गरीब हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के तहत 11 लाख से अधिक गरीब परिवारों द्वारा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से प्रतिमाह राशन प्राप्त किया जा रहा है। जल जीवन मिशन में अब तक लगभग 67 लाख घरेलू नल कनेक्शन लगाये जा चुके हैं और ग्रामीणों को घर पर ही नल का शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना में लगभग 34 लाख गरीबों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। कुल 12 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 56 लाख 83 हजार से अधिक हितग्राहियों को लगभग 341 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान इस महीने किया गया है।

### यह रहे कार्यक्रम में उपस्थित

गणतंत्र दिवस समारोह में अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जयसिंहनगर श्रीमति मनीषा सिंह, एडीजी डीसी सागर, डीआईजी सुश्री सविता सोहने, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजूलता पटले, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, समाजसेवी कमल प्रताप सिंह, संतोष लोहानी सहित लोकतंत्र सेनानी, पार्षदगण, पत्रकारगण, समाजसेवी एवं विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं श्रीमती अरूणिमा सिंह द्वारा किया गया।

# जुआ फड़ से बरामद हुआ देशी कट्टा

## 11 जुआरी सहित 2 आरोपी धराये

शहडोल।

बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 26 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हाथीडोल में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से रूपये-पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल रहें हैं। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा दबिश देकर फड़ से आदित्य सिंह चंदेल, दानिश उर्फ साहिल खान, राजा खटिक, पुस्सू कोल, शनि खटिक, सद्दाम मुसलमान, चंदन सोनी, रोहित स्वीपर, कालू खटिक, गोलू वर्मन एवं ताबिल खान के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 10,500 रूपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



रेड कार्यवाही के दौरान आरोपीगणो के कब्जे से नगदी रकम 10,500 रुपये तथा 02 नग मोटर सायकिल फड़ से बरामद किये गए। आरोपी आदित्य सिंह चंदेल पिता स्व. संजीत सिंह चंदेल उम्र 20 वर्ष नि. वार्ड नं.15 मुरलिया बाग के सामने बुढ़ार की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अदद देशी निर्मित कट्टा (आग्नेयास्त्र) भी बरामद हुआ जिसके संबंध में आरोपी के पास कोई दस्तावेज नहीं होना पाया गया। पूछताछ पर आदित्य सिंह द्वारा बताया गया कि उसने यह कट्टा धनपुरी निवासी तालिब मुसलमान से खरीदा था जिस पर आरोपी आदित्य सिंह चंदेल पिता स्व. संजीत सिंह चंदेल, तालिब खान निवासी धनपुरी थाना धनपुरी के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पृथक से पंजीबद्ध किया गया है। इसके साथ अन्य आरोपीगणों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेनचा में लिया गया है।

कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय जायसवाल के नेतृत्व में विवेचक उप निरीक्षक उपेन्द्र त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक अवधराज सिंह, हरिकिशोर, गिरीश शुक्ला, प्रधान आरक्षक चेतराम कौशिक, आरक्षक चंद्रभूषण तिवारी, जयेष्ण चतुर्वेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पुलिस विभाग ने निकाली झांकी

शहडोल। .



पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देशन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिटी पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर के नेतृत्व में नये आपराधिक कानूनों के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष झांकी निकाली गई। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले शामिल रहे।

भारत सरकार द्वारा ब्रिटिश कालीन पुराने आपराधिक कानूनों में बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम बनाये गए हैं। जिन्हें लागू करने से पहले जनसामान्य में इसकी जानकारी होना नितान्त आवश्यक है। इस हेतु सिटी पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहल करते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम से ग्राम पोंगरी तक झांकी निकाली गई एवं होर्डिंग्स, बैनर आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। रास्ते में प्रमुख चौराहों पर उपस्थित लोगों को एकत्रित करते हुए नये कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि नया भारत-नया विधान विचारधारा को साकार करते हुए शासन के मंशा अनुसार ब्रिटिश शासन की छाप प्रदर्शित करने वाले कानून को हटाकर नये विधान को लाया गया है जो एक नये भारत की नीव रखेगा। इस कानूनो के प्रावधानो को आमजन तक पहुंचाने हेतु पुलिस द्वारा इसके प्रावधानो का प्रचार किया गया एवं नये प्रावधानो को जनमानस तक पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। पुराने जटिल विधानो को हटा कर सरल एवं वर्तमान आवश्यकतानुसार नये विधानो को लाया गया है जो नये भारत के निर्माण में सहायक होंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को दी गई सलामी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण कर तिरंगा झण्डे को दी गई सलामी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजूलता पटले समेत समस्त पुलिस अधीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार, 10 मोटर सायकिल बरामद



शहडोल।

सोहागपुर पुलिस ने विगत दिनों शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी हुई कई मोटर सायकिलों को एक साथ बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। सोहागपुर पुलिस ने चोरी की कुल 10 मोटर सायकिलों को बरामद कर आरोपी विनोद यादव उर्फ बिंदा पिता प्रेमलाल यादव उम्र 29 वर्ष निवासी कोनी शहडोल एवं विष्णु गुप्ता पिता रामलाल गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी घोघरी थाना जैतपुर को गिरफ्तार किया है। उक्त मोटर सायकिलें बीते कुछ महीनों में शहर के विभिन्न स्थानों जैसे बाणगंगा मेला मैदान, विराट मंदिर, रामानुज कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, पुलिस लाईन, पटेल नगर, बुढ़ार आदि स्थानों से चोरी हुई थी। जिस पर थाना कोतवाली में एवं थाना बुढ़ार में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गए थे। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना पर आरोपी विनोद यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने दोस्त हरिशंकर यादव, छोटा यादव निवासी ग्राम सलैया एवं विष्णु गुप्ता निवासी घोघरी के साथ मिलकर पिछले एक वर्ष से चोरी के कार्य में लगा हुआ था। साथ ही मोटर सायकिल एजेंसी में काम करने वाला सत्यम द्विवेदी की मदद से उक्त चोरी की मोटर सायकिलों को लोगों को बेच दिया करते थे। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 10 मोटर सायकलों कुल कीमती लगभग 10,00,000 रुपये की मशरुका को 25 जनवरी को बरामद जप्त किया गया है। आरोपी विनोद यादव एवं विष्णु गुप्ता को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मोटर सायकिल की दस्तयाबी में थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक भूपेन्द्रमणी पाण्डेय के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक रामप्रकाश सिंह, दुलवती सिंह, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, आरक्षक चन्द्रभान सिंह, गजरूप सिंह एवं सायबर से आरक्षक सत्यप्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# गणतंत्र दिवस पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

शहडोल।

नगर परिषद बरगवां अमलाई में ध्वजारोहण कर पूरी गरिमा के साथ गणतंत्र दिवस समारोह 2024 मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने अमर शहीदों का पुण्य स्मरण कर देश भक्ति की शपथ ली। इस अवसर पर भारतीय गणतंत्र के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। इसके बाद गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद द्वारा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कर विविध क्षेत्रों में सेवा व दक्षता का प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया गया। इनमें से क्षेत्र के



ऐसे लोगों के परिजनों का सम्मान किया गया, जिन्होने पूर्व में अयोध्या मंदिर जाकर कार सेवा की थी। इनमें से जो कार सेवक जीवित नहीं हैं उनके परिजनों को मंच पर बुलाकर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया और स्मृति स्वरूप मोमेन्टो प्रदान किया गया।

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कक्षा पांचवी, आठवीं, 10वीं 12वीं में अध्यनरत (पासिंग ईयर 2023 )बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उन बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष के विशेष प्रयासों से नगर के कुछ भूमिहीन नागरिकों को भू अधिकार पट्टा उपलब्ध कराकर वितरण किया गया। अंततः सभी नगर परिषद अंतर्गत सफाई कर्मी या सफाई मित्रों को भी मंच पर गमछा प्रदान कर सम्मानित किया गया और मिष्ठान वितरण किया गया।

# आन-बान-शान के साथ लहराया राष्ट्रीय ध्वजा

**मानपुर।** राष्ट्रीय महापर्व के 75 वां गणतंत्र दिवस को जिले के मानपुर नगर और ब्लॉक क्षेत्र में जगह -जगह विविध कार्यक्रम हुए 7 बजे सुबह स्कूली बच्चों के समूहों द्वारा रैलियां निकाली गईं, फिर समस्त कार्यालयों में संस्था अथवा कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, कार्यक्रम में स्वागत, द्वीप प्रज्जवलन, लोक और रिकार्डिंग नृत्य, राष्ट्रगीत, नुकड़, वक्तब्य कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापनकिया गया। मानपुर नगर के सिगुड़ी गांव में स्वतंत्रता सेनानी छोटेलाल पटेल युवा संगठन नें माला, पटाखे, बाजा, डीजे, तिलक चंदन और तिरंगा झण्डा के साथ पूरे नगर में चल समारोह रैली निकाल कर लोगों का उत्साह वर्धन किये।

**इन्होंने किया ध्वाजारोपण-** मानपुर अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम कमलेश पुरी, तहसील में तहसीलदार कन्हैया दास पनिका, रेंज में रेंजर मुकेश कुमार



अहिरवार, नगर परिषद में अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी, जनपद पंचायत में सीईओ राजेन्द्र त्रिपाठी के मौजूदगी में अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह, आगनबाड़ी केन्द्र सिगुड़ी -2 में श्रीमती रानी मिश्रा ने, सरस्वती ज्ञानमंदिर सिगुड़ी में संचालक संजू कुमार पटेल ने, श्रीराम संस्कार शिशु विद्या मंदिर पटेहरा में संचालक रामलला पटेल, महिला वाल विकाश विभाग में आरएन सिंह, सीएम राइस स्कूल में प्राचार्य अरुण पटेल, ब्लॉक शिक्षा परिसर में बीईओ श्रीमती पीबी प्रजापति, कास्तूबा गांधी हास्टल में अधिक्षक श्रीमती अमरकली धुर्वे, ज्वालामुखी हास्टल में अधिक्षक राजेश दुवे, बेयर हाउस मानपुर में सुश्री रूपाली भारती के मौजूदगी प्रबंधक आरविंद सिंह ने, कन्या परिसर में प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी, कृषि विभाग में एएसडीओ एमके द्विवेदीं, सहकारिता सिगुड़ी में प्रबंधक जितेन्द्र परौहा एवं पंचायत कार्यालय पटेहरा, लखनौटी, नौगवां, बड़खेरा, डोंड़का, माला, गरुवाही, कछौहां, कुशमहां, कसेरू, टिकुरीटोला, अमिलिया, परासी, सेहरा, बड़ार, रक्शा, समरकोइनी, भमरहा, हिरौली, उमरिया बकेली सुखदास बेलदी पडवार, मुडगुडी, पनपथा, चिल्हारी, कुदरी, नौगमा, टिकुरीटोला, बल्हौड अमिलिया परासी बिजौरी, कठार सहित और भी पचायत में सरपंचों ने ध्वजा रोहण किया।

## खबर संक्षेप

### पद्म श्री विभूषित जोधईया बाई के स्वास्थ्य की कलेक्टर ने ली जानकारी



**उमरिया।** प्रख्यात चित्रकार जोधाइया बाई का 21 जनवरी को अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर जिला चिकित्सालय के प्रायवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था, जिनकी चिकित्सा की जा रही है, कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य जिला चिकित्सालय पहुंचकर जोधईया बाई के स्वास्थ्य की जानकारी चिकित्सकों से प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, सिविल सर्जन डॉ. के. सी. सोनी ने बताया कि अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कलेक्टर ने जोधईया बाई से भी बात कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा चिकित्सकों को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर उपयुक्त अस्पताल के लिए रेफर करने में देरी नहीं की जाये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी तथा परिवार जन उपस्थित थे।

### युवा टीम ने कलेक्टर का शॉल व श्रीफल से किया सम्मान



**उमरिया।** विधानसभा निर्वाचन में उमरिया जिले को तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होने पर जिले की सामाजिक संस्था युवा टीम द्वारा कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य को शॉल व श्रीफल भेंट कर गणतंत्र दिवस समारोह में सार्वजनिक रूप से सम्मान किया गया। इस दौरान युवा हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, अमृता सिंह, शिखा बर्मन, कविता बर्मन, स्वती त्रिपाठी, सौरभ पांडे, ऋषभ त्रिपाठी, वैष्णवी बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।

### नेहरू युवा केन्द्र में किया गया ध्वजारोहण

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र जिला उमरिया युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मान सिंह एवं वरिष्ठ समाज सेवी अनिल कुमार मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी उपस्थित रहें। इस अवसर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अयोजन नेहरू युवा केंद्र जिला अधिकारी आदित्य सिंह वा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक देवेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन पर किया गया।

महिला के फर्जीवाड़ा की सीएम हेल्प लाइन में हुई शिकायत

# महिला की आक्रोश भरी धमकी से सिहर उठा शिकायतकर्ता




**शहडोल।** एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी की कहावत उस समय चरितार्थ होती नजर आई जब फर्जीवाड़ा कर सरकारी नौकरी हासिल करने वाली महिला ने शिकायतकर्ता को फोन पर जमकर गालियां दीं और उसे तरह तरह से धमकाया भी। उसकी तैश भरी धमकी सुनकर शिकायतकर्ता पसीने पसीने हो गया और उसका बीपी बढ़ गया। वह परिचितों की मदद से थाने भी गया और वहां उसने फोन की जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञातव्य है कि पीड़ति ने महिला के फर्जीवाड़ा की सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। ज्ञातव्य है कि धमकी देने वाली महिला वर्तमान में उमरिया सरकारी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ है। उसके शहडोल निवासी कई रिश्तेदारों ने कूटरचित फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी नौकरी हासिल की है।

### यहां से हुई थी शुरूआत

मामला शहडोल के पुरानी बस्ती का है। जहां विश्वकर्मा परिवार के द्वारा कुछ वर्षों पूर्व नगर पालिका व राजस्व सहित अन्य कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को संतुष्ट करके विश्वकर्मा से बदलकर अपनी जाति अगरिया करवा ली गई थी। इन फर्जी जाति प्रमाण-पत्रों के आधार पर लाभ भी लिया जाने लगा था। बाद में उसकी शिकायत हुई और कलेक्टर की जांच के बाद इसमें आरोपो की पुष्टि होने पर कोतवाली में संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए थे। इस परिवार के गोमती विश्वकर्मा, अभिषेक कुमार विश्वकर्मा, विवेक कुमार विश्वकर्मा, भारती विश्वकर्मा, अनीता विश्वकर्मा एवं राखी विश्वकर्मा जहां इस मामले में शिकायत और जांच के बाद फरार हो गए थे। वहीं इसी परिवार के कुछ लोग अभी भी सरकारी सेवा में हैं और शासन से धोखाधड़ी कर नाजायज लाभ उठा रहे हैं।

### बहन के प्रमाण-पत्र ने खोली पोल

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत उमरिया जिला चिकित्सालय में स्टॉफ नर्स के पद पर कार्यरत वैशाली अगरिया पिता मनोज अगरिया पर आरोप हैं कि उसने परिवार के अन्यजनों की तरह फर्जी जाति प्रमाण-पत्र बनवाया है। इस संदर्भ में जो तथ्य सामने आये हैं, उसमें पटवारी हलका क्रमांक 78 के वार्ड नंबर 28 तत्कालीन पटवारी पी.के.मिश्रा ने मनोज विश्वकर्मा की बेटी निहारिका के जाति प्रमाण-पत्र के आवेदन में जांच रिपोर्ट दिया था। उसमें टीप में स्पष्ट लेख किया था कि आवेदिका की जाति लोहार है, जो पिछड़े वर्ग में आती है। इसके साथ ही जांच प्रतिवेदन में टीप लिखा था कि आवेदिका के पिता मनोज का जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जनजाति का बना है, जो संदेहास्पद है, जांच का बिन्दु है। इसके अलावा प्रतिवेदन में पार्षद प्रमाण पत्र की छायाप्रति मनोज कुमार अगरिया की जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। इसके अलावा तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी ने 20 मई 2016 को फार्म अ में लेख किया कि तहसीलदार एवं हलका पटवारी के प्रतिवेदन में आवेदक लोहार जाति ओबीसी में आता है, इसलिए निहारिका अगरिया पिता मनोज अगरिया का जाति प्रमाण पत्र खारिज कर दिया गया। इस फार्म के टीप में उल्लेख किया गया कि आवेदिका के पिता मनोज का जाति प्रमाण-पत्र अनुसूचित जाति का बना है, जो संदेहास्पद है, जांच का बिन्दु हैं। मनोज विश्वकर्मा के पिता खसरा पंचशाला वर्ष 1974-75 से 1978-79 तक में छोटेलाल विश्वकर्मा दर्ज है। मनोज की दो पुत्री है, जिसमें वैशाली और दूसरी का नाम निहारिका है, लेकिन वैशाली वर्तमान में उमरिया जिला चिकित्सालय में वैशाली अगरिया के नाम पर नौकरी कर रही है।

### जांच के बाद दो हुए गिरफ्तार

चूंकि इस मामले में पुलिस में प्रकरण दर्ज हो चुका था और कोतवाली पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रहीं थी। एक लम्बे समय तक सभी आरोपी फरार रहे लेकिन पुलिस उनमें से दो लोगों को पकड़ने में कामयाब रही। लेकिन उधर उमरिया स्टाफ नर्स वैशाली जांच के दायरे से बाहर रही। उसके खिलाफ चूंकि उसकी कोई ठोस शिकायत नहीं होने पर पुलिस कार्रवाई नहीं हो सकी। उसके बाद शहडोल निवासी एक व्यक्ति ने सीएम हेल्प लाइन में वैशाली की शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर वह आग बबूला होकर शिकायतकर्ता को फोन पर अपमानित करते हुए उसे धमकियां दे बैठी।

भारत पर्व में संस्कृति की भीनी खुशबू तथा आजादी के तरानों से मंत्रमुग्ध हुए सुधीर श्रोत

# भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षण प्रदान करता है भारत पर्व : कलेक्टर






**उमरिया।** गणतंत्र दिवस की संध्या बेला में सामुदायिक भवन में प्रदेश के संस्कृति विभाग, स्वराज संथान, जन सम्पर्क संचालनालय एवं जिला प्रशासन व्दारा आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति तथा पारंपरिक गीतों की भीनी खुशबू से उपस्थित सुधीय श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, इसके बाद जबलपुर से शरबरी बेगम तथा डिण्डोरी से आये गंगाराम धुर्वे के दल का माल्यार्पण से स्वागत किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी तथा अपर कलेक्टर शिव गोविंद मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज शरबरी बेगम के दल ने बुंदेली राई गीत तथा बधाई गीतों से समा बांध दिया, तो डिण्डोरी के दल ने शैला, कर्मा आदि जनजातीय शैलियों से धूम मचाई, उमरिया की शान जीशान ने देशभक्ति तरानों ने मनमोह लिया। इस अवसर पर संयुक्त प्रेस परिषद् व्दारा कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा सीईओ जिला पंचायत का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने किया।

### जन संपर्क विभाग ने लगायी प्रदर्शनी



**उमरिया।।** लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के अवसर पर सामुदायिक भवन में जिला जनसम्पर्क विभाग व्दारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी गयी थी। प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने फीता काट कर किया। छाया चित्र प्रदर्शनी में केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के लिए सरकार व्दारा किये जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया था, छायाचित्र प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कानूनों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी को बढी संख्या में लोगों ने देखा एवं सराहा। प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उच्च शिक्षा में आधुनिक नवाचार, मुख्यमंत्री आपके ग्राम योजना, पीएम स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह महिला से शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाने या पहचान छुपाकर विवाह करने पर 10 वर्ष की सजा, खत्म हुआ अंग्रेजी राज तीन मूलभूत कानूनों में हुआ क्रांतिकारी परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश पुलिस अग्रणी, पहली बार दंड के सुधारात्मक रूप से सामुदायिक सेवा का प्रावधान, अब घटना स्थल की होगी वीडियो रिकार्डिंग, मजिस्ट्रेट को 48 घंटे में भेजी जाएगी घटना स्थल की तलाशी संबंधी रिपोर्ट, 7 वर्ष या उससे अधिक कारावास के अपराध से जुड़े घटना स्थल की जांच करेंगे फॉरेंसिक एक्सपर्ट, आरोप मुक्त होने का निवेदन न्यायालय में 7 दिवस के भीतर करना, संगठित अपराध, आतंकवाद, माबलीचिंग, चौन स्नैचिंग आदि पहली बार स्पष्ट रूप से प्रावधानित, ई एफ आईआर का प्रावधान, अब घर बैठे भी दर्ज कराई जा सकती है एफ आई आर, अब किसी भी पुलिस थाने में दर्ज करा सकते है एफ आई आर कि जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई। प्रदर्शनी का अवलोकन सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिव गोविन्द मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, पुलिस विभाग के अमले, पत्रकारों, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, पत्रकारों, गणमान्य तथा आम नागरिकों ने भी अवलोकन किया।

## ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोतमा।** ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के ग्राम एवं कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। भगवान राम का सजीव चित्रण करते हुए सजा दो घर को गुलशन से मेरे घर राम आए हैं के गानों से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समूहगान से प्रारंभ हुए इस देशभक्ति कार्यक्रम में एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता गायन, देशभक्ति गीत गायन में बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपने नृत्यों में सैनिक के जीवन का संघर्ष, देश पर मर मिटने की भावना, भावनात्मक संबंध तथा तिरंगे के सम्मान को महत्व दिया। मध्य प्रदेश शासन के ग्राम एवं कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल का स्वागत करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर शब्बीर हुसैन बोहरा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए देश के महान क्रांतिकारियों के बारे में बताया। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने सभी बच्चों व स्टाफ सदस्यों को 75 वें आजादी पर्व पर बधाई देते हुए कहा कि कोई भी कार्य बिना इरादे के पूरा नहीं हो सकता है। और मुझे जब से मैं कार्यक्रम में बैठा हूं यह देखने को मिला कि ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में बच्चों को संस्कार एवं शिक्षा की स्टाफ के द्वारा अच्छी तालीम दी जा रही है। यह विद्यालय के संचालक एवं शिक्षक की स्टाफ की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज के परिदृश्य में यह देखने को मिल रहा है कि बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के बाद विदेश में चले जाते हैं और घर परिवार से नाते खत्म कर देते हैं और यहां तक की बूढ़े मां-बाप से मिलने तक नहीं आते हैं उनका समय ही नहीं है और मां-बाप को यह कहते हैं कि आप घर में काम करने वाले को रख लो हम पैसा भेज देंगे जबकि आज बच्चे जो भी हैं वह अपने मां-बाप की बदौलत ही है इसलिए इंसान को सबसे पहले काम के साथ ही घर परिवार एवं बच्चों को समय देना चाहिए । विद्यालय के बच्चों के द्वारा बागवान की अच्छी प्रस्तुति दी गई और यह बताया गया कि परिवार क्या होता है यदि मां-बाप की सेवा बच्चे नहीं कर सकते इस जीवंत झांकी के रूप में प्रस्तुत भी किया गया। स्कूली छात्राओं के द्वारा पंजाबी कत्थक एवं अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित गीत मेरे झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे भगवान राम आएंगे के गानों की प्रस्तुत देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।



# कोतमा में उत्साह व समारोहपूर्वक मनाया गया

**कोतमा।** 26 जनवरी गणतंत्र की 75 वीं बर्षगांठ बडे ही उत्साह व समारोह पूर्वक मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में मनाया गया। 26 जनवरी को सुबह से ही नगर में वंदेमातरम तथा देशभक्ति गीतो से नगर गूंज रहा था। विद्यालयों से प्रभात फेरी एवं झांकियां निकाली गई। शासकीय व अशासकीय विद्यालयों मे संस्था प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। ध्वजा रोहण कार्यक्रम सुबह 9 बजे नगर पालिका के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में किया गया। राष्टगान एवं मध्य प्रदेश गान के साथ ही ध्वजा रोहण पश्चात संदेश का वाचन किया गया। नगर के गौरव व्यक्तियों को एवं खेलकूद में अव्वल आने पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र



छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ध्वजारोहण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष, नपाउपाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

नपा कार्यालय में उपाध्यक्ष ने किया ध्वजा रोहण

नगर पालिका कार्यालय मे सुबह 8:15 बजे नपाउपाध्यक्ष ने ध्वजा रोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात सभी को मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर सीएमओ प्रदीप झारिया, उपयंत्री श्रीमती ओमवती तिवारी, अजय विश्वकर्मा, अंतिम चौहान, अरूण सोनी, रावर्ट, रवि सोनी, मोहन भरिया, अमित सेन, गोलू तिवारी, प्रियंक जैन, उमेश सेन, सहित कर्मचारी उपस्थित थे।एसडीएम कार्यालय मे एसडीएम अजित तिर्की एवं तहसील कार्यालय मे तहसीलदार ईश्वर प्रधान के द्वारा तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया।

### सरस्वती विद्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र पर्व

**अनूपपुर।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में हर्ष, उल्लास एवं धूमधाम से देश का 75वां गणतंत्र पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य सरस्वती बाल सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पेंद्र सोनी व अध्यक्षता व्यवस्थापक आदर्श दुबे का रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणी, भारतमाता, ओम के प्रतीक पर पुष्पार्पण, दीपप्रज्जवलन तथा ध्वज पूजन के साथ किया गया। ध्वजारोहण परम्परा अनुसार सरस्वती बाल सेवा समिति के अध्यक्ष के द्वारा किया गया गया। विद्यालय के भैया/बहिनों द्वारा आकर्षक गीत, नृत्य, भाषण एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें सभी बहुत आनन्दित हुए। मुख्य अतिथि महोदया ने भैया/बहिनों को देशभक्ति, त्याग, देश के लिए एक अच्छे नागरिक बनकर सेवा करने, विद्यालय, माता-पिता, समाज, देश, प्रदेश में अपना नाम रोशन करने, अच्छे अंक प्राप्त करने की अपील की। साथ ही आचार्य परिवार से भैया/बहिनों के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव प्रयास करने का अनुरोध किया। भैया/बहिनों को मिष्ठान्न हेतु उन्होंनें नगद राशि भी प्रदान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में आदर्श दुबे ने भारत की सांस्कृतिक विरासत, इसकी खूबसूरती, देश की शान और एक विकसित भारत की परिकल्पना की चर्चा के साथ एकजुट, संगठित एवं टीम भावना से कार्यकरने की अपील की।



### केन्द्रीय विद्यालय में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**बदरा/जमुना।** केन्द्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में शुक्रवार 26 जनवरी को एचएस मदान एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र महाप्रबंधक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षा एवं विशिष्ट आतिथि श्रीमती तरुणा मदान, अध्यक्ष अलंकृता महिला समिति की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस का एक जीवंत और उत्साहपूर्ण उत्सव मनाया गया। हवा देशभक्ति की धुनों से गूंज उठी, छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रहा। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। ध्वजारोहण के बाद पूरे स्कूल ने राष्ट्रगान की जीवंत प्रस्तुति दी। अपने सम्बोधन में श्री मदान ने शैक्षणिक गतिविधियों और पाठ्येतर गतिविधियों के प्रति छात्रों के अटूट समर्पण की सराहना की। उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बात की, स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों और लोकतंत्र, एकता और अखंडता के मूल्यों को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्रों ने संगीत शिक्षक शारदेंदु प्रियदर्शी एवं प्रियंका यादव के निर्देशन मे भारत की समृद्ध विविधता और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रंगारंग नृत्य, देशभक्ति गीत और विचारोत्तेजक नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ छात्रों ने दिन के ऐतिहासिक महत्व और आने वाले वर्षों में भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर भाषण दिए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल के स्काउट गाइड और कब बुलबुल के छात्रों का मार्च-पास्ट, और उनके द्वारा अतिथियों के स्वागत की अदभुत छकियां रही। इसके अतिरिक्त मुख्य आतिथि द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया ,जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और समकालीन भारत को दशार्ने वाली पेंटिंग्स और चित्रों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करनेवाले छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित किताब प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने श्रीमान के प्रति आभार व्यक्त किया।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद धनपुरी
## जिला-शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2023-24/2052 धनपुरी,दिनांक-25/01/2024

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1998-Date-19/01/2024 2024_UAD_327565_1 | Supply and Lying of Pipeline (250mm) RWRM at Nursery Pump house to Filter Plant Ward no 20 | 180 दिवस 130.10 लाख | 12500/- एवं 65000/- | 20-Feb-2024 05:30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद,धनपुरी
जिला-शहडोल(म.प्र.)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

क्रमांक / न.पा./लो.नि./2023-2024/2048 धनपुरी दिनांक :-25/01/2024

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | टेण्डर क्रमांक जारी दिनॉक एवं टेण्डर आई0डी0 | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1989-DATE-18.01.2024 2024_UAD_327486_1 | Construction of Store Room at ward no 04 near Indoor Stadium. | 120 दिवस – 17.60 लाख | 2,000/– एवं 13200/– | 20-Feb-2024 05:30 PM |
| 2 | 2018-DATE-23.01.2024 2024_UAD_327934_1 | Construction of PCC Plateform for dry waste sorting and wet waste shredding at ward no 09 MRF Center | 120 दिवस – 9.33 लाख | 2000/– एवं 9330/– | 09-Feb-2024 05:30 PM |
| 3 | 1990-DATE-18.01.2024 2024_UAD_327505_1 | Construction of Store Room at ward no 24 Behind Nagar Palika Office | 120 दिवस – 13.97 लाख | 2000/– एवं 10500/– | 20 Feb-2024 05:30 PM |
| 4 | 1988-DATE-18.01.2024 2024_UAD_327474_1 | Construction of Store Room at First Floor ward no 24 Nagar Palika Computer Room and Store Room. | 120 दिवस – 12.31 लाख | 2000/– एवं 9500/– | 20-Feb-2024 05:30 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् धनपुरी
जिला- शहडोल म.प्र.

## खबर संक्षेप



### कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बुढ़ार।** कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में 75 वॉ गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य अतिथि जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के साथ गगन में रंग बिरंगे गुब्बारे मुक्त किये। नेहरू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के कांमडर आई के वेग के नेतृत्व में किया गया गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुये कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत इक्कीसवीं सदी के ऐसे रोमांचक दौर से गुजर रहा है, जब सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए हैं। विकसित भारत-संकल्प यात्रा वर्ष-2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने की मोदी जी की गारंटी का प्रतीक बनकर उभरी है। यह यात्रा मोदी जी के मन और प्रदेश के जन-जन के बीच जीवंत संवाद का माध्यम बनी है। मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव, मुहल्ले नगर-नगर पहुंचीऔर उन वंचितों की जिन्दगी बदलने का माध्यम बनी, जो अब तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि राष्ट्र-पर्व के ठीक पहले राष्ट्र-गर्व के एक महान प्रसंग ने अयोध्या में स्वर्णिम अध्याय रच दिया है। विश्व हृदय सम्राट हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के गरिमामय उपस्थिति में नव-निर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की भव्याति भव्य प्राण प्रतिष्ठा से भारत में राम राज्य की संकल्पना जीवंत और जयवंत हो गई।

### अज्ञात शरारती तत्वों ने जेसीबी से बांउड्रीवाल गिरा दी

**बुढ़ार।** जैतपुर रोड पर स्थित ग्राम पकरिया में ताम्रकार फर्म हाउस में विगत 24 जनवरी की मध्य रात्रि अज्ञात शरारती तत्वों ने जेसीबी मशीन से सीमेंटे फ्लाई एस से बनाईं गई बांउड्री को तोड़कर गिरा दी है। उक्त आशय की शिकायत भूमि स्वामी विजय ताम्रकार पिता स्व शंकर लाल निवासी वार्ड क्रमांक 3 ने दर्ज करते हुए बताया कि गांव पकारिया में स्थित खसरा क्रमांक 343/3 पर स्थित जहां लगभग 8 मकान बनें हुए हैं और तीन चार परिवार भी रहता है पिछले 24 जनवरी की देर रात कुछ शरारती तत्वों के द्वारा मेरे बांउड्री को जेसीबी मशीन से कुचल कर बिखरा दिये है लगभग ढाई लाख की क्षति की गई है, पिछले वर्ष बांउड्री बनाईं गई थी, मेरे परिवार से प्रतिद्वंद्वी रखते हुए अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा किया गया है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाये।

#### इनका कहना

पकारिया गांव की ताम्रकार परिवार के बांउड्री तोड़फोड़ की शिकायत मिली है जांच की जा रही है, शीध्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा

थाना प्रभारी
संजय जायसवाल बुढ़ार

### एनएच 43 पर सरकारी वाहन साइकिल सवार को ठोकर मारकर पलटा

**अमलाई।** नगर परिषद बकहो में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ सभी नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद पार्षद और अतिथि अपनी अपनी बात रखने लगे इसी बीच नगर परिषद बकहो की पार्षद रेखा महेंद्र सिंह द्वारा अपने ही दल के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पर बकहो के विकास को लेकर सवाल उठा दिए गए। रेखा महेंद्र सिंह ने मंच से कहा कि नगर परिषद बकहो का चुनाव सम्पन्न हुए दो वर्ष बीत चुके है किंतु यहां कोई विकास नही हो सका है कुछ सड़के बनाई गई है वो भी अच्छी सड़को पर सड़क बनाई गई ।

# गणतंत्रोत्सव पर कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा









### एरिया मुख्यालय में महाप्रबंधक वी. श्रीकृष्ण ने किया ध्वजारोहण , नगर पालिका, कालरी खदानों हर कार्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया

धनपुरी।

आजादी का अमृत महोत्सव सोहागपुर एरिया कोयलांचल के विभिन्न यूनिटों में उपक्षेत्री प्रबंधक,खान प्रबंधक श्रमिक संगठनों श्रमवीरों की उपस्थिति में सोहागपुर एरिया कार्यालय में महाप्रबंधक बी श्रीकृष्णा ध्वजारोहण किया और अपने श्रम वीरों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम परंपरागत उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

#### सुरक्षा- उत्पादन पर जोर

महाप्रबंधक ने कहा कि सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन पर जोर देते हुए रामपुर मेगा प्रोजेक्ट से कोयला निकालने का कार्य शुरू हो गया है। दामिनी मांइस जल्द लगेगा सीएम मशीन, सोहागपुर एरिया इस वर्ष सोहागपुर एरिया कोयला टारगेट पूरा करने में सफल होगी, वही करोड़ों के घाटे में चल रही सोहागपुर एरिया को जल्द से जल्द पाटते हुए एरिया लाभ की ओर अग्रसर है। मुख्य रूप से उपस्थित जनों में एरिया कार्मिक प्रबंधक, पत्रकार राजू अग्रवाल, लक्ष्मन सोनी, मोहम्मद सफीक, मुरलीधर त्रिपाठी,रावेन्द्र शुक्ला, राजेश चंद्र शर्मा , जीसीसी सदस्य, श्रमिक संगठन के पदाधिकारी काफी संख्या में कालरी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### अमलाई ओसीएम

अमलाई ओसीएम में उपक्षेत्रीय प्रबंधक जुल्फिकार अहमद अंसारी कोयला टारगेट को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने अग्रसर देखे जा रहे हैं। कोयला उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वार्षिक टारगेट 15 लाख टन को टारगेट पूरा करने में सफलता अर्जित करेंगे अपने श्रमवीरों को26 जनवरी स्वतंत्रत दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीएमडी का संदेश का वाचन किया।

#### राजेन्द्रा माइंस

एसईसीएल सोहागपुर एरिया राजेन्द्रा भूमिगत माइंस में गणतंत्र दिवस 75 वी वर्षगांठ को अधिकारी कर्मचारी हर्षोउल्लास के साथ बनाया गया। राजेंद्रा माइस खान प्रबंधक राजेश खम्परिया के द्वारा झंडारोहण किया गया और उपस्थित श्रमवीरों को स्वतंत्रत दिवस पर बधाई दी व सुरक्षा के साथ काम करने की सलाह दी गई।

#### बंगवार माइंस ध्वजारोहण

बंगवार मांइस के उप क्षेत्रीय प्रबंधक बी श्रीनिवास,खान प्रबंधक बी आर कुर्रे अपने कार्यालय के समक्ष झंडारोहण करते हुए उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को 75 वी गणतंत्र दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि पूर्व वर्ष पर हम कोयला वार्षिक टारगेट में सफल रहे ।इस वर्ष भी 2023 - 24 श्रमवीरों की मेहनत और सहयोग से कोयला टारगेट से आगे रहेग हम खदान को सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए कोयले का उत्पादन टारगेट पूरा करने में सफल होंगे।

#### खैरहा भूमिगत माइंस

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत खैरहा भूमिगत माइंस खान प्रबंधक एस पी सिंह 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर माइंस कार्यालय के समक्ष झंडारोहण कर अपने श्रमवीरों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहां की खदान में सर्वप्रथम खदान पर श्रमवीरों को सुरक्षा पहली प्राथमिकता देते हुए कोयला उत्पादन पर पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए कोयला उत्पादन में अपनी सहभागिता ईमानदारी के साथ करें हम इस वर्ष भी वार्षिक टारगेट पूरा करेंगे शुन्य( 0) दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए।

#### बाजार रंगमंच

स्वामी विवेकानंद बाजार रंगमंच में सार्वजनिक ध्वजारोहण नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा के द्वारा किया गया। नपा कार्यालयपालिका में ध्वजारोहण नगर पालिका अधिकारी प्रभात वरकडे मुख्य नगरपालिका के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

#### इन्फोर्मेशन स्टेडियम

नपा उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल के द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी इन्डोर स्टेडियम में ध्वजारोहण किया गया। आजाद चौक चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण आनंद मोहन जयसवाल ने किया। शहीद विजय शुक्ला स्मारक में एसपी सिंह ध्वजारोहण किया, स्वामी विवेकानंद बाजार रंगमंच में स्कूल की छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर लोगों ने कार्यक्रम को सराहा।

#### क्रेडिट सोसाइटी में ध्वजारोहण

धनपुरी गोल बाजार स्थित कालरी कर्मचारी कोपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी संस्था प्रमुख के द्वारा गणतंत्र दिवस 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को के पी सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और उपस्थित जनों को मुंह मीठा कराया गया।

#### आयुष औषधालय में ध्वजारोहण

शासकीय आयुष होम्योपैथिक औषधालय धनपुरी वार्ड नंबर 21 श्रीराधे कृष्ण मंदिर के पीछे स्थित औषधालय प्रांगण में अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पत्रकार लक्ष्मन सोनी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और उपस्थित जनों को मुंह मीठा कराया गया।

#### सरस्वती शिशु मंदिर में

धनपुरी वार्ड नंबर 15 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के 75 वी पावन पर्व पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ मुख्य अतिथि श्री प्रदीप कुमार बराल जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का तिलकवन्दन कर स्वागत किया गया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार,व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला,रवि सिंह कश्यप, शशिकांत विश्वकर्मा, एस.पी.सिंह, गुड्डु दाहिया जी,श्री कुलदीप केसरवानी जी,श्री अखिलेश सोनी जी ,श्री हिमांशु उपाध्याय,पार्षद स्कन्द सोनी, प्रवीण बडोलिया, अनूप तिवारी, पुनीत दाहिया, ऋषि शर्मा ,संजय कुशवाहा ,अतीक मोहम्मद ,अभिभावक बंधु जन,पूर्व क्षात्र भैया बहनो व आचार्य परिवार की उपस्थिति में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।आभार व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला के द्वारा किया गया। प्रातः तिरंगा फहराया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा एवं वीर शहीदों को नमन किया गया मां ज्वालामुखी संस्कृत विद्यालय 1986 से प्रारंभ हुआ था उसी के तारतम में गणतंत्र दिवस मनाया। जिसमें रामकृष्ण एवं शिव जी जयकारा लगाया गया उपस्थित जनों को मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम लेबरो द्वारा लेवर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव राम बिहारी शर्मा के निज निवास में सम्पन्न हुआ।

#### आजाद चौक में झंडारोहण

जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा आजाद चौक स्थित क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा, महात्मा गांधी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर 75 वें गणत्रंत दिवस मनाया गया। सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशेरमा खान झंडारोहण किया अपने सेवादल साथियों के द्वारा गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सेवादल डॉक्टर हीरामणि सोनी के द्वारा राष्ट्रीय गान किया। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित जनों मिठाई वितरण किया गया गया । कांग्रेस वरिष्ठ नेता आनन्द मोहन जायसवाल द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा भेजे गए संदेश पत्र का वाचन किया। कांग्रेस सेवादल उपस्थित जनों में नौशेरमा खान,अनिल जयसवाल,जीतेंद्र जयसवाल, के पी सिंह, काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# लीनेस क्लब बुढार का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम सम्पन्न

### श्रंगार का सामान देकर की मंगल कामना* लीनेस क्लब बुढ़ार ने राम राज्य उत्सव का आयोजन किया*

धनपुरी।

लीनेस क्लब बुढार की बहनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें श्रंगार की सामग्री देकर मंगल कामना की गई।

साथ ही अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद सभी लीनेस बहनों ने बड़े भक्तिमय भाव से प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की और भजन कीर्तन एवं दीप जलाकर बड़े ही खुशी और भक्तिभाव से राम राज्य उत्सव को मनाया। और अपने घरों में भी दीप जलाए.इस कार्यक्रम में लीनेस अध्यक्ष अर्चना ओझा,सचिव अंजू दुआ, कोषाध्यक्ष शैला गुप्ता, आशा अग्रवाल,साधना अग्रवाल,रजनी जैन, प्रतिमा जैन, बिंदा भगत, मोनिका अग्रवाल, नागमणि मानिकपुरी ,ज्योति सिंह बघेल, अंजली मिश्रा की उपस्थिति रही।

# विघासागर इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर कार्यक्रम की दी प्रस्तुति



### शिक्षा ग्रहण करते समय अपने लक्ष्य को कभी न भूलें, डॉ दीपक

बुढ़ार।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस कार्यक्रम विघासागर इंग्लिश मीडियम स्कूल में धुमधाम से मनाया, गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ, दीपक पराड़कर एवं अध्यक्षता विधालय के प्राचार्य सुधेश जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष नामदेव मंचासीन रहे, कार्यक्रम में सर्व प्रथम महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण कर धवज को सलामी दी गई। विघालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ मनमोहक गीतों एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी जिसका करतल ध्वनि से स्वागत किया गया छात्रों के द्वारा अयोध्या नगरी में विराजमान भगवान श्री राम लला के गीतों की भी प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। डाक्टर दीपक पराड़कर ने अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज 26 जनवरी को हम सभी गणराज्य की संरचना करते हुए पर्व को मना रहे हैं, यहां का विघालय परिवार बहुत ही संस्कारित है और यहां के छात्र-छात्राओ के अंदर बहुत ही संस्कार है इस विघालय के बच्चे यहां से पढ़-लिखकर एक दिन जरूर देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगा राम शुक्ला, श्रीमती मोनिका सोनी,अंकाक्षा द्विवेदी, श्रेया अग्रवाल, मुस्कान गुप्ता,सोनम गुप्ता, भूमि मंयवानी सहित विघालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# शारदा ओसीएम में लोडिंग के लिए एनएच पर खड़े वाहन के कारण हुई दुर्घटना

**अमलाई।** अमलाई थाना अंतर्गत शुक्रवार को एक सरकारी वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। सुबह 7 बजे के लगभग यह भीषण दुर्घटना घटित हुई है जिसमे सामने से आ रहे एक साइकिल सवार चपेट में आ गए जिसे गंभीर हालत में शहडोल मेडिकल कालेज भेजा गया। वाहन चालक को भी गंभीर चोट लगी है। जिसे भी शहडोल भेजा गया। बताया गया की ओरिएंट पेपर मिल में कार्यरत ठेका कर्मचारी रामप्रसाद चौधरी (45) रात की पाली से काम करके अपने घर बकही जा रहा था तभी शारदा ओसीएम तिराहे पर यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शासकीय वाहन काफी तीव्र गति से अनूपपुर से शहडोल की तरफ जा



रहा था। स्थानियजनो ने बताया गया वाहन में 5 लोग सवार थे जिसमें ड्राइवर को काफी चोट आई और अन्य सुरक्षित थे। लोगो मे बताया कि 108 और डायल100 समय पर नही पहुंच सकी जिसके बाद बकहो पार्षद रामशरण चौधरी द्वारा अपने वाहन में चिकित्सालय ले जाया गया।

**शारदा ओसीएम की लापरवाही आई सामने-** इस दुर्घटना में शारदा ओसीएम प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है एनएच पर सरकारी वाहन काफी तीव्र गति से आ रहा था किंतु शारदा ओसीएम में लोडिंग के लिए एनएच पर खड़े ट्रक को बचाने के कारण वाहन डिवाइडर से टकराकर साइकिल सवार को ठोकर मारते हुए। एनएच से लगभग 5 फिट नीचे उतर गया कई बार भी लोगो ने शारदा ओसीएम प्रबंधन को सड़क पर लोडिंग के लिए खड़े वाहनो के विषय मे शिकायत और आंदोलन की है। किंतु शारदा ओसीएम प्रबंधन एनएच 43 को ही पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है रोजाना एनएच पर ओसीएम में पार्किंग के लिए आने वाले वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े रहते है प्रबंधन की लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है।

**बड़ी दुर्घटना हो सकती थी गणतंत्र दिवस पर बच्चे भी सुबह स्कूल जा रहे थे-** लोगों ने बताया कि सड़क की दूसरी तरफ ओपीएम शिक्षण केंद्र है जहां छोटे बच्चे पढ़ने के लिए जाते है गणतंत्र दिवस के कारण बच्चे आज भी सुबह ही स्कूल जा रहे थे यह दुर्घटना कुछ दूरी पर ओपीएम तिराहे पर हुई होती तो काफी लोग उसकी चपेट में आ जाते।

# गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर को शॉल व श्रीफल भेंट कर किया गया सार्वजनिक सम्मान

**बिरसिंहपुर पाली-** जिले मे विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं व्यवधान रहित संपन्न कराने तथा बेहतर कानून व्यवस्था के लिए एडीजीपी शहडोल जोन डी सी सागर व्दारा प्रदत्त प्रमाण पत्र कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुध्देष कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर षिवगोविंद सिंह मरकाम, तथा सीईओ जिला पचायत इला तिवारी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष महेंद्र सिंह तोमर व्दारा सौंपा गया।इसी क्रम में विधानसभा चुनाव में उमरिया जिले को तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होने पर उमरिया जिले की सामाजिक संस्था युवा टीम द्वारा कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य को शॉल व श्रीफल भेंट कर गणतंत्र दिवस समारोह में सार्वजनिक रूप से सम्मान किया गया। इस दौरान युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह,शिखा बर्मन, कविता बर्मन, स्वती त्रिपाठी, सौरभ पांडे ऋषभ त्रिपाठी वैष्णवी बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।

#### सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली

जिला उमरिया में राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक तिरंगा झंडा शान से लहराया पाली नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया जिसमें श्री रमाशंकर शिवहरे



जी (अध्यक्ष ) के द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया कार्यक्रम में श्री नंदलाल प्रजापति जी (मुख्य अतिथि) श्री रमेश चन्द्र बसरानी जी (विशिष्ट अतिथि) श्री प्रजापति जी (विशिष्ट अतिथि ) श्री सुरेश अवधिया जी (पूर्व व्यवस्थापक), श्री रामकरण राठौर जी (अध्यक्ष पूर्व छात्र परिषद) श्री पुरुषोत्तम गुप्ता जी (कोषाध्यक्ष) श्री रघुनाथ गुप्ता जी (सह व्यवस्थापक) , श्री कैलाश नाथ पाठक जी, श्री नवल पालीवाल जी , श्री के. के. पाठक जी, श्री मोहन गोयनका जी ,अभिभावक बन्धु ,मातृशक्ति ,पत्रकार बन्धू , पूर्व छात्र, गणमान्य नागरिक आचार्य परिवार भैया बहनों की उपस्थिति रही सास्कृतिक कार्यक्रम, शारीरिक कार्यक्रम , पिरामिड, नाटक, नृत्य , स्काउट एवं गाइड के कार्यक्रमों ने सब के मन को मोह लिया खुब पुरस्कार प्राप्त हुए अंत में वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम का संचालन श्री नंदराम शर्मा जी (व्याख्याता) के द्वारा किया गया ।

## खबर संक्षेप



### ओमकांत को मिला स्वछता पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

**अनूपपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर म.प्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था शुभम समाज सेवी संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक ओमकांत शुक्ला को मिला स्वछता पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान। 26 जनवरी को दिलीप जायसवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कलेक्टर आशीष वशिष्ट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष राम दास पुरी एवं पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र सिंह पवार के द्वारा म.प्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था शुभम समाज सेवी संस्थान के समन्वयक ओमकांत शुक्ला को मिला स्वछता पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान। ये लगातार सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाते रहे हैं इन्होने अभी हाल हि में स्वछता सर्वेक्षण 2023 में नगर पालिका अनूपपुर स्थित खम्परिया तालाब एवं अम्हाई तालाब में स्वछता का विशेष अभियान चला कर लोगो को स्वछता का संदेश देते हुए कार्य किया है साथ हि इन्होने स्वछता सर्वेक्षण 2023 में नगर पालिका अनूपपुर एवं नगर पालिका पासान में आईईसी गतिविधि पर जन जागरूकता का कार्य भी किया है।

### ट्रक चढने से अज्ञात पुरुष की मौत, मौके पर पहुंची पुलिस



**अनूपपुर।** शहडोल से राजेंद्रग्राम-अमरकंटक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर किरर ग्राम के सजहाटोला में स्थित वेयरहाउस के सामने गुरुवार की रात 7 बजे की लगभग अनूपपुर से सजहा किरर की ओर जा रहे ट्रक एमपी 19 एचए 2851 के चालक की लापरवाही के कारण रोड की पटरी में एक अज्ञात अधेड के सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दिये जाने पर कोतवाली थाना अनूपपुर में पदस्थ सहा. उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर देर रात होने के कारण जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव वाहन से मृतक के शव को सुरक्षित रखने हेतु जिला चिकि. के शव वाहन परीक्षण कक्ष के फ्रीजर मे ला कर रखा गया है मृतक की वर्तमान समय तक किसी भी तरह की पहचान नहीं हो सकी है मृतक नीले रंग का इनर, लोअर एवं नीले रंग की साफी, तोलिया रखे हुए हैं तलाशी दौरान किसी भी तरह का पहचान पत्र या अन्य सामग्री नहीं मिलने के कारण अज्ञात मृतक की पहचान नहीं हो सकी है वही ट्रक चालक ट्रक को छोड़ फरार हो गया है पुलिस से ट्रक को जप्त करते हुए अपनी अभिरक्षा में कोतवाली थाना ले आई है।

### उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ही लक्ष्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**अनूपपुर।** शिक्षा से न केवल साक्षरता, संख्या ज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ साथ उच्च स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर जोर देती है। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार डीपीसी अनूपपुर हेमंत खैरवार एवं एपीसी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले में माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड अनूपपुर के प्रशिक्षक उपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वह शिवमंगल सिंह, श्रीमती रेखा माझी व श्रीमती बॉबी भगत के साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कक्षा कक्ष में बच्चों की सक्रियता सुनिश्चित करने की तकनीक जैसे हुक तकनीक, प्रभावी दिशा निर्देश, प्रभावी चर्चा, प्रश्नों का महत्व, समझ की जांच, स्वयं व साथी का आकलन, रचनात्मक फीडबैक, एवं सकारात्मक भाषा पर काम किया जा रहा है।

## मंत्री दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

# जिला मुख्यालय में उमंग, उत्साह के साथ मनाया गया 75 वाँ गणतंत्र दिवस







**मुख्यमंत्री के संदेश का मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया वाचन**

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में 75 वाँ पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से उत्साहपूर्वक व देशभक्ति के रंग में रंगकर नागरिकों ने मनाया। प्रातःकाल से ही देशभक्ति से प्रेरित ओजप्रिय मधुर गीतों की ध्वनि गुंजायमान रही। जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक तिरंगे के प्रति कर्तव्य भाव देखा गया। गरिमामय तरीके से झंडा वंदन के साथ जनगणमन राष्ट्रगान किया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल ने कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवाँर व परेड कमान्डर सूबेदार विनोद दुबे के साथ खुले वाहन में परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल ने मध्यप्रेदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नागरिकों को प्रसारित संदेश का वाचन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक के रूप में तिरंगा गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा। मुख्य समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, एनसीसी जूनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, स्काउट गाईड शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, रेडक्रास शा. बालक उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड शा. कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, रेडक्रास भारत ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर, स्काउट गाईड सरस्वती उ.मा.वि. अनूपपुर तथा महिला बाल विकास विभाग के शौर्या दल ने मार्चपास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड जूनियर में एनसीसी जूनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को प्रथम, स्काउट गाईड शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा स्काउट गाईड शा. कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को तृतीय, परेड सीनियर में विशेष सशस्त्र बल को प्रथम, एनसीसी सीनियर शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल (पुरुष) को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर बैंड दल जैतहरी द्वारा राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर दिए गए सहयोग के लिए बैंड दल के नंद किशोर बिरहा, किशन खुरसेल, अभय खुरसेल, शारदा खुसबैक, सुमित खुशबैक, साहिल बिरहा को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन शासकीय हाईस्कूल मौहरी की प्राचार्य श्रीमती लतिका श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ शिक्षक कौशलेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवाँर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली तिवारी, शहीदों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी मूलचंद्र अग्रवाल, घनश्याम दास गुप्ता, चन्द्रशेखर चतुर्वेदी समेत जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक तथा महिलाएं व प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने देश की सेवा में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया।

### देशभक्ति की भावना को किया प्रबल

गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देशभक्ति के संगीतमय संदेशों से हर मन को आनंदित व भावविभोर किया। नौनिहालो की प्रस्तुति ने सभी को कर्तव्य का बोध कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर जूनियर, सरस्वती उ.मा.वि. अनूपपुर जूनियर, मेगा माइंड प्ले स्कूल अनूपपुर जूनियर, शा. कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर सीनियर, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर सीनियर, केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर जूनियर, शा. कन्या उ.मा.वि. अनूपपुर सीनियर तथा आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम जूनियर में शा. मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर को प्रथम, सरस्वती उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा मेगा माइन्ड प्ले विद्यालय अनूपपुर को तृतीय स्थान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर में शा. कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर को प्रथम, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर को द्वितीय तथा आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### योजना एवं प्रक्रियाओं की दी गयी जानकारी

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चालित झाँकियों के माध्यम से शासकीय योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस विभाग, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर, मत्स्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला पंचायत अनूपपुर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, निर्माण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग की चलित झांकी निकाली गई। चलित झांकियों के प्रदर्शन में जिला पंचायत अनूपपुर की झांकी को प्रथम, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की झांकी को द्वितीय तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### उत्कृष्ट कार्य पर हुए सम्मानित

गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जनपद पंचायत, जनजातीय कार्य विभाग, जन अभियान परिषद, स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों तथा एनजीओ के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### कलेक्टर निवास एवं कार्यालय में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व सलामी दी। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं स्टॉफ तथा पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### जिला पंचायत कार्यालय में जिपं. अध्यक्ष ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय के प्रांगण में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झंडे को सलामी दी। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।




# हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट परिसर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अनूपपुर/जैतहरी।** एमबी पावर मध्य प्रदेश लिमिटेड जैतहरी प्लांट परिसर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्लांट प्रमुख एवं सीओओ बसन्ता मिश्रा ने ध्वजारोहण कर समारोह में उपस्थित सभी मेहमानों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कंपनी के बेहतर संचालन के लिए सभी सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि कंपनी, अन्य निजी औद्योगिक इकाइयों की तरह देश के विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, कंपनी बेहतर स्वेच्छा, गुणवत्ता तथा वातावरण को प्राथमिकता देते हुए सस्ती बिजली पैदा करने में अग्रसर रही है। कंपनी के एच.आर.और एडमिन के प्रमुख आर.के. खटाना ने गणतंत्र दिवस की महत्ता और देश के अखंड संविधान पर प्रकाश डाला और कंपनी के द्वारा गत वर्ष में किये गये विकास कार्यों को बताया जिसमें जैतहरी क्षेत्र के अंतर्गत आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कार्य, कंपनी से प्रभावित ग्रामों के शासकीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था हेतु तीन सौ से अधिक डुअल डेस्क बेंचो का वितरण, प्रभावित दो ग्रामों में आगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य इत्यादि शामिल है। समारोह के दौरान सुरक्षा प्रमुख अरविन्द सिंह की अगुवानी में सुरक्षा जवानों ने तिरंगे को सलामी दी। कंपनी के प्रबंधन की ओर से प्लांट प्रमुख बी.के.मिश्रा, ओ.एंड एम. प्रमुख अजीत चोपड़े एवं एच.आर. और एडमिन प्रमुख आर के खटाना, एफ.जी.डी प्रमुख पी. के. सिंह एवं प्लांट ऑपरेशन प्रमुख यश मिश्रा ने कंपनी में कार्यरत उत्कृष्ठ एवं कर्मनिष्ठ कर्मियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। वहीं मैं. रोहिणी ट्रांसपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ संविदाकार के तौर पर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न देशप्रेमी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में आये मेहमानों को खूब अभिभूत किया। प्रस्तुतियों के उपरान्त प्रतिभागी बच्चों को प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरण भी किया गया। पुरस्कार वितरण सत्र का संचालन राधवेन्द्र सिंह एवं अनामिका मण्डल के द्वारा किया गया। वहीं बाल भारती प्रिंसिपल उन्नति जोशी के द्वारा विद्यालय के छात्र अविका उपाध्याय और पृथ्वीराज सिंह द्विवेदी का बाल विज्ञान कांग्रेस द्वारा आयोजित 31वीं राष्ट्रस्तरीय विज्ञान रिसर्च प्रतियोगता में चयन होने पर बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत प्लांट प्रमुख बी के मिश्रा के द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित चार कक्षों का उद्घघाटन कर उपस्थित अध्यापको को शुभकामनाएं दी। श्रीकृष्णा पाण्डेय ने समारोह में आये अधिकारियों एवं अन्य मेहमानों के प्रति आभार प्रकट किया।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विशेष भोज का हुआ आयोजन



**अनूपपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना अंतर्गत संचालित शालाओं एवं मदरसे व संस्कृत शालाएं जिन्हें समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सहायता दी जा रही है में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत विशेष भोज कराया गया। गणतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल विकासखण्ड जैतहरी अंतर्गत माध्यमिक शाला बरबसपुर में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवाँर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

# हर्षोल्लास के साथ गरिमामयी तरीके से गणतंत्र दिवस समारोह मनाया




**राजनगर।** कार्यालय प्रांगण नगर परिषद डूमरकछार मे गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। 26 जनवरी भारत का 75वां गणतंत्र दिवस है समारोह कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित, दीप प्रज्ज्वलन, कन्या पूजन के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार, आतिथ्य विड्डू शर्मा, डॉ. महेश चौहान, रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, रंजीत वर्मा, पार्षदगण चंदा देवी महरा, विजेंद्र देवांगन, सरिता यादव, पार्वती सिंह गोंड, राकेश दीवान, सांसद प्रतिनिधि के.एन.शर्मा की गरिमामय उपस्थिति मे राष्ट्रीय पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने मुख्यमंत्री का संदेश जनता के के वाचन किया।

### शहीद राहुल प्रताप सिंह को दी गई श्रदांजलि

देश की सेवा मेझीरम घाटी हमले में शहीद हुए वीर सपूत नगर के स्व.राहुल प्रताप सिंह को याद करते हुए जनप्रतिनिधियो, समाजसेवियो तथा वरिष्ठजनों ने श्रदांजलि दी।

### वरिष्ठजनों ने सभा को किया संबोधित

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील चौरसिया ने सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और क्षेत्र की उन्नति, खुशहाली की कामना की, क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को दूर करने का भर्षक प्रयास करने के साथ ही रोजगार के माध्यमों से जोड़कर स्वरोजगार की ओर बढ़कर क्षेत्र में समृद्धि लाने की बात कही, क्षेत्र से हो रहे पलायन और रोजगार के अवसरों के संबंध में भी अपनी बात रखी, सांसद प्रतिनिधि के. एन शर्मा सभापति पार्षद जितेंद्र चौहान ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

**नन्हे मुन्हे बच्चो ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

इस मौके पर समारोह मे अपने नृत्य, गायन का प्रदर्शन करने पहुंचे विद्यालय एवं नगर के अन्य बच्चो ने देश भक्ति, राष्ट्रगीत तथा शिवतांडव नृत्य, नाटक कर एक से बढकर एक आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके उपरांत प्रस्तुति देने वाले बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चो को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में भजन कीर्तन करने वाली महिलाओं एवं पुरुषों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के विगत दिनों स्वर्गवास हुए स्व.उमापति चौबे, स्व. राजा जायसवाल एवं रवि करोसिया सफाई मित्र के स्वर्गवास उपरांत 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर प्रेमचंद यादव, कमलेश चतुवेर्दी, अवधेश राय, सुनीता सिंह, प्रमोद शुक्ला, दिनेश चतुवेर्दी, संगीता माली, सानू शासमल, शिवपूजन चौहान, सुजीत पाण्डेय, अशोक वर्मा, विक्रमादित्य चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा, उपयंत्री शिवराम इण्डपांचे, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताएं एवं सेविकाएं परिषद के अधिकारी कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं नगर की बेटियां, युवाओं समेत बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे। वही राष्ट्रगीत, भारत माता की जय नारो के सांथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया तदुपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अखिल सिंह के द्वारा किया गया।